Phone: 0551-6450130
Mahatma Gandhi Post Graduate College
Gorakhpur-273 001
e-mail: mgpg_gkp@rediffmail.com, Website: www.mgpgc.in

दिनाँक : 30.12.2022

प्रकाशनार्थ

श्रद्धान्जलि सभा

आज दिनाँक 30.12.2022 को महात्मा गाँधी पी0जी0 कालेज, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माता जी का निधन होने से श्रद्धांन्जलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री की माताजी का पूरा नाम हीराबेन दामोदर दास मोदी था। उनका जन्म 1920 में हुआ था। इनका गृहनगर गुजरात के मेहसाना, बडनगर में है। मोदी जी की माता जी बेहद सादगी से अपना पूरा जीवन बितायीं, वे अपना पूरा काम स्वयं करती थी तथा समय बचने पर चर्खा भी चलाया करती थी । इस अवसर पर गणित विभाग के डॉ0 अमित राय ने बताया कि मोदीजी हमेशा अपने भाषण में बताया करते हैं कि उनकी माता जी उन्हे हमेशा बताती थी कि कभी कोई गलत काम मत करना, बुरा काम मत करना, हमेशा गरीबो के उन्नयन के लिए काम करना। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के संरक्षक, डॉ0 रवीन्द्र नाथ शुक्ल डॉ0 अजय श्रीवास्तव, डॉ0 शरद गुप्ता , डॉ0 फणीन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

30/12/2022

प्रो0 (उमेश कुमार गुप्त)
प्राचार्य